हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 14 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज




2 हसदेव नदी चेक डैम में डूबने से युवक की मौत







### आवागमन हुआ प्रभावित, दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन हुआ प्रभावित

# बीच से दो टुकड़ों में बंटा फुलझरनदी के सुखाड़ नाला पर बना पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कोयला परिवहन से जर्जर हुआ था पुल

सूरजपुर जिले के अंतर्गत सोनगरा और खड़गवां के बीच सुखदेवपुर के समीप वर्षों पुराना पुल बीती रात धराशायी हो गया। भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर हो चुका पुल अचानक ही बीच से दो टुकड़ों में बंट गया। गनीमत रही कि पुल टूटने के दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यदि घटना के समय कोई वाहन पुल पर मौजूद होता तो निश्चित रूप से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती। फिलहाल पुल के टूट जाने से दर्जनों गावों का संपर्क टूट गया है। फिलहाल जिला प्रशासन द्वारा पुल को पूरी तरह से तोड़कर ह्युम पाइप पुलिया बनाने की योजना बनाई गई है ताकि हल्के वाहनों का आवागमन जारी रहे।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखदेवपुर में फुलझर नदी के सुखाड़ नाला पर पुल का निर्माण कराया गया था। इस पुल का निर्माण एसईसीएल द्वारा दी गई राशि से वर्ष 2015-16 में पुल का निर्माण कराया गया था और उस समय निर्माण एजेंसी सेतु निगम थी। इस पुल का उपयोग मुख्यरूप से एसईसीएल द्वारा ही किया जा रहा था। महान 3 से निकलने वाले कोयला परिवहन के लिए पुल का उपयोग किया जाता था। इसके साथ ही यह सड़क और पुल सोनगरा से बोझा होते हुए धरमपुर के पास निकलती है जिसपर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोगों का आवागमन भी होता है। लगातार भारी वाहनों के आवागमन से पुल काफी जर्जर हो गया था और लगातार क्षेत्रवासी पुल के मरम्मत की मांग कर रहे थे लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया गया। इस बीच बीती रात अचानक ही पुल दो टुकड़ों में बंट गया। गनीमत रही की घटना के दौरान पुल पर कोई यात्री वाहन नहीं था अन्यथा लोगों की जान जाना निश्चित था। जर्जर हो चूका पुल बीचो बीच से टूटा है जिसके बाद अब इसके मरम्मत की कोई उम्मीद ही नहीं बची है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह पुल इतना भी पुराना नहीं था। पिछले कई सालों से जर्जर पड़ा हुआ था। ऐसे में इसके निर्माण की गुणवत्ता सवालों के घेरे में आ गई है।



सुखाड़ा नाला पर दो टुकड़ों में बंटा पुल।

### दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है एसईसीएल की बस


दो टुकड़ों में टूटने वाला पुल वर्षों से जर्जर पड़ा हुआ है। यह वही पुल है जिससे पूर्व में एसईसीएल कर्मियों से भरी बस अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई थी। उस समय यह बात सामने आई थी कि पुल जर्जर है लेकिन अधिकारियों ने सिर्फ पुल के उपरी हिस्से में हुए नुकसान को ठीक किया गया था। यही वजह है कि पुल लगातार जर्जर होता गया और अब धराशायी हो गया।

### कोयला परिवहन भी प्रभावित

इस मार्ग व पुल का निर्माण सबसे अधिक कोयला परिवहन के लिए ही किया जाता था। एसईसीएल प्रबन्धन द्वारा इस पुल का निर्माण भी कोयला परिवहन के लिए ही किया गया था। अब पुल टूटने से कोयला परिवहन पूर्ण रूप से प्रभावित हुआ है और आने वाले दिनों में इस मार्ग पर आवागमन संभव भी नहीं है। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने कोयला वाहनों को कल्याणपुर की तरफ से परिवहन करने को कहा गया है।

### बनने में लगेगा वर्षों का समय

पुल के टूटकर गिरने के बाद क्षेत्र में आवगमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया और दर्जनों गांव के लोगों का संपर्क टूट गया है। पुल के टूटने के बाद एसडीएम के साथ ही एसईसीएल और लोनिवि ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि फिलहाल इस पुल को पूरी तरह से तोड़कर ह्युम पाइप के साथ पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इस पुलिया से बाइक व छोटे वाहनों का आवागमन हो सकेगा। फिलहाल गर्मी के समय तो इस मार्ग पर आवागमन किया जा सकता है लेकिन बारिश के समय यह मार्ग पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



### कराई जाएगी तात्कालिक व्यवस्था

पुल के टूटने की सूचना मिली है। लोक निर्माण विभाग और एसईसीएल मिलकर इस मार्ग पर तात्कालिक रूप से आवागमन की व्यवस्था करेंगे। इस संबंध में निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही पुल की क्षमता का आंकलन करने भी निर्देश दिए है ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित ना हो।

-श्रीमती रेना जमील, कलेक्टर सूरजपुर

## खबर संक्षेप

### ओएचई तार टूटने से घंटों प्रभावित रही अंबिकापुर-अनूपपुर रेल लाइन

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-अनूपपुर रेल मार्ग पर टेंगनी और शिवप्रसाद नगर स्टेशन के बीच ओवर हेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) तार टूट जाने से बुधवार को कई घंटों तक रेल यातायात प्रभावित रहा। तकनीकी खराबी के चलते यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन बाधित हो गया, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार रेल लाइन पर लगे ओएचई सिस्टम में विद्युत प्रवाह के लिए उपयोग किए जाने वाले इंसुलेटर के फट जाने से काउंटर वेट नीचे गिर गया। इसके चलते ओवर हेड तार टूट गई और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली प्रवाह रुकने के कारण इस रूट पर ट्रेनों का संचालन तत्काल रोकना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे का विद्युत अमला टावर कार के साथ मौके पर पहुंचा और युद्धस्तर पर सुधार कार्य शुरू किया । तकनीकी खराबी के कारण दोपहर की मेमू ट्रेन को सूरजपुर स्टेशन में रोकना पड़ा, वहीं शाम की शहडोल–अंबिकापुर एवं अंबिकापुर–शहडोल मेमू ट्रेन को रद्द कर दिया गया। इसका असर अन्य यात्री और मालगाड़ियों के संचालन पर भी पड़ा है। देर शाम मरम्मत कार्य के बाद दिल्ली–अंबिकापुर ट्रेन को अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार देर रात तक सुधार कार्य पूरा कर लिए जाने की संभावना है, जिसके बाद इस रूट पर रेल यातायात सामान्य हो जाएगा।

### मेंटेनेंस के दौरान इण्डस्ट्रीयल एरिया में सीटी ब्लास्ट, आधे शहर में छाया अंधेरा

**अम्बिकापुर।** शहर विद्युत संभाग द्वारा टाउन फीडर में मेंटेनेंस के लिए सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित की गई थी। इस दौरान मनेन्द्रगढ़ मार्ग स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित पावर ट्रांसफार्मर का सीटी तेज धमाके के साथ उड़ गया साथ ही कई स्थानां का जम्पर बलास्ट हो गया। शाम में हुई इस तकनीकी खामी के कारण विभाग निर्धारित समय शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं कर सका जिसके कारण आधे शहर में अंधेरा छाया रहा। विद्युत उपकरणों में आ रही खराबी एवं भीषण गर्मी के बीच आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शहर विद्युत संभाग द्वारा बुधवार को टाउन फीडर का मेंटेनेंस कराने का निर्णय लिया था। मेंटेनेंस कार्य के लिए विभाग द्वारा एक दिन पूर्व ही टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित करने की सूचना दी गई थी। मेंटेनेंस के दौरान शाम 5 बजे विद्युतकर्मी इंडस्ट्रीयल एरिया में सुधार कार्य कर रहे थे तभी विद्युत उपकेन्द्र का सीटी ब्लास्ट हो गया साथ ही जगह-जगह के जम्फर भी क्षतिग्रस्त हो गए। विद्युतकर्मी ब्लास्ट हुए सीटी एवं जम्पर को बदलने में देर रात तक व्यस्त रहे। इस विद्युत उपकेन्द्र में आई तकनीकी खराबी के कारण देर रात तक आधा शहर अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग गर्मी एवं उमस से परेशान रहे। लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। अंधेरा छाने के कारण शहर में चारों तरफ सन्नाटा पसरा रहा।

### गाज गिरने से उदयपुर में 14 मवेशियों की मौत

**अंबिकापुर।** उदयपुर जनपद के पीछे मोहल्ले में बारिश के दौरान मवेशी पेड़ के नीचे मौजूद थे। इसी दौरान अचानक ही गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 14 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बछिया घायल हुई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके साथ ही मवेशी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पशु चिकित्सक संतोष कंवर भी पहुंचे और मवेशियों के गाज से मौत की पुष्टि की।

**स्कार्पियो चालक ने बाइक को मारी टक्कर**

# कुम्दा रोड स्थित हुए सड़क हादसे में किराना व्यापारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कुमदा-बिश्रामपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह हुए सड़क हादसे में शिवनंदनपुर निवासी किराना व्यवसायी कमलेश चौबे (59 वर्ष) की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार कमलेश चौबे की बस स्टैंड बिश्रामपुर में किराना एवं पान मसाला की रिटेल दुकान है।

बुधवार की सुबह वे अपने बाइक से पेमेंट रिकवरी करने कुमदा-कसकेला क्षेत्र गए हुए थे जिसे पूरा कर वापस बिश्रामपुर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान कुम्दा रोड समीप बाबा मस्तनाथ मंदिर से लगभग एक किलोमीटर आगे पीछे से आ रही महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 0413 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक तेज गति एवं लापरवाही से चला रहा था।तेज गति से टक्कर लगने से व्यवसाई कमलेश चौबे सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं,राहगीरों की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस एवं डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया,पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है,घटना के बाद वाहन चालक मौके से वाहन छोड़ कर भाग निकला,प्राप्त जानकारी अनुसार स्कार्पियो वाहन में सवार एक अन्य युवक को भी गंभीर चोटे आई है जिसका इलाज जारी है, स्कार्पियो वाहन कसकेला गांव की बताई जा रही है,पोस्टमार्टम के बाद स्व. चौबे का पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया,अंतिम संस्कार के लिए परिजन शव लेकर उनके गृह ग्राम हासनदाग, मेराल जिला गढ़वा (झारखंड) रवाना हो गए हैं,स्वर्गीय कमलेश चौबे झारखंड भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे के भाई थे,वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।



दुर्घटनाकारित वाहन, इनसेट में मृतक।

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड में छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सीबीएसई 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित, ओपीएस का बेहतर प्रदर्शन



बुधवार को सीबीएसई द्वारा 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए है। 12वीं बोर्ड में छात्राओं ने इसबार भी बेहतर प्रदर्शन किया है। मोण्टफोर्ट की छात्रा शीना मेहता ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं ओपीएस ने भी सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यहां के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों को गौरवान्वित किया, बल्कि पूरे सरगुजा जिले का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं उच्च प्रतिशत के साथ सफलता अर्जित की। इस परीक्षा परिणाम में लक्ष्मीपुर निवासी देवशरण सिंह तथा श्रीमती कामिनीकला की सुपुत्री अंजली सिंह पैकरा 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में सरगुजा जिले में अव्वल रहीं। इसी तरह अर्सिल अजिम 95.8, रूबिना परवीन 95, शिवांग राय 93.8, तनयदीप सिंह छाबरा 93.6, माही शर्मा 93.2, मर्सी कच्चप 93.2, अंशी गर्ग 92, अवनी शर्मा 90.8, मयंक कुमार सिंह 90.4, हर्षित कुजूर 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने अभिभावकों, स्कूल के शिक्षकों तथा ओपीएस के शैक्षणिक वातावरण को दिया है। स्कूल के प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ख़लिबा में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। विद्यालय के कुल 50 विद्यार्थियों ने वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होकर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की तथा सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के छात्र राहुल कुमार ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इशांत जांगड़े ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा श्वेता राटिया ने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है।



### ईशा सोनी ने 12वी बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सीतापुर।** सीबीएस द्वारा जारी 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर की मेधावी छात्रा ईशा सोनी ने बायोलॉजी विषय मे 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा अंबिकापुर की छात्रा ईशा सोनी वार्ड क्रमांक 10 के निवासी अनंत देव सोनी एवं प्रधानपाठिका रचना सोनी की सुपुत्री है। शुरू से पढ़ाई में अव्वल रही ईशा सोनी ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों के साथ कड़ी मेहनत एवं लगन से की गई पढ़ाई को दिया है। वर्तमान में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ईशा सोनी भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है।





कार्यक्रम में शामिल समाज की महिलाएं।

# काली बाड़ी बंग समाज ने मनाई टैगोर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बंग समाज ने रविन्द्र नाथ टैगोर जयंती मनाया। महापौर ने रवीन्द्रनाथ टैगोर को देश का सच्चा सपूत बताया। विगत 9 मई को कालीबाड़ी बंगाली समाज मायापुर ने रविन्द्र टैगोर की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही शहर की महापौर मंजूषा भगत ने स्व. टैगोर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रविन्द्र नाथ टैगोर भारत मां के सच्चे सपूत थे। उन्होंने भारत को भारत माता का स्वरूप दिया।

उन्होंने भारत देश के शब्दो से शद किला रहा। समाज से जुड़े शौमिक राम गुप्ता ने बताया कि रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती हमारा समाज पिछले चौदह वर्षो से मनाता चला रहा रहा है। इस बार भी मायापुर कालीबाड़ी बंगाली समाज कल्याण द्वारा रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बंगाली समुदाय के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# नकाबपोश हथियारबंद बाइक सवारों ने ऑटो चालक से लूटा मोबाइल, क्षेत्रवासियों में दहशत

- बुधवार को सुबह पहुंचे पुलिस अधिकारी, शुरू की जांच

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर स्थित कल्याणपुर जंगल में एक बार फिर से अपराधी तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है। बीती रात नकाबपोश हथियारबंद बाइक सवारों ने जंगल में जमकर उत्पात मचाया हाथ पिस्टल दिखाकर एक ऑटो चालक का मोबाइल लूट लिया। इस दौरान बैक सवारों ने अन्य वाहन चालकों को भी लूटने की कोशिश की।

अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग कल्यानपुर जंगल के बीच से गुजरता है। लगभग एक दशक से मार्ग पूरी तरह से शांत था तथा अपराधिक गतिविधियां बंद हो गई थी। एक दशक पूर्व यदा कदा वाहन चालकों को रोककर लूट पाट करते थे तथा ट्रक चालकों को रोककर पैसे वसूलते थे। लम्बे अर्से बाद बीती रात नकाबपोश बाइक सवारों ने एक ऑटो चालक को पिस्टल दिखाकर उसका मोबाइल लूट लिया। पीड़ति ऑटो चालक धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि वह मंगलवार को अंबिकापुर में वैवाहिक कार्यक्रम में आया था तथा काम निपटाकर मध्य रात्रि में वापस ऑटो से लौट रहा था। रात्रि 12.40 बजे वह जसे ही कल्याणपुर जंगल में पहुंचा 6 बैक में सवार 11-12 की संख्या में मौजूद नकाबपोश युवकों ने उसे घेर लिया तथा पिस्टल दिखाकर पैसे की मांग करने लगे। ऑटो चालक द्वारा पास में पैसे नहीं होने का हवाला देने पर युवकों ने मोबाइल लूट लिया। इस दौरान नकाबपोश युवक गोली मारने की भी धमकी दे रहे थे लेकिन दूसरे नकाबपोश युवक द्वारा पास में मौजूद मोबाइल फोन देने की सलाह देने पर उसे छोड़कर आगे चले गए। इस दौरान वैवाहिक समारोह से लौट रहे ग्राम धरमपुर निवासी सुरेन्द्र प्रसाद जायसवाल को भी लूटने की कोशिश की गई। नकाबपोश युवकों को देखकर कार चालक ने जैसे ही रफ्तार कम की युवकों ने चालक पर पिस्तौल तान दी। इस दौरान चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए कार की रफ़्तार बढ़ा दी तथा सुरक्षित आगे निकल गया। कार के आगे निकलने पर आरोपी फरार हो गए। बुधवार को जैसे ही घटना की सूचना मिली पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, लटोरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता पुलस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान प्रतापपुर एसडीओपी अनूप एक्का भी घटना स्थल पर मौजूद थे। कल्याणपुर जंगल सरगुजा एवं सूरजपुर की सीमा पर स्थित है इस लिए दोनों जिलों की पुलिस आपसी समन्वय के साथ आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। इस घटना से क्षेत्रवासियों एवं मार्ग से आवागमन करने वाले लोग काफी भयभीत है। घोटा मार्ग होने के कारण इस सड़क पर दूर दूर के यात्री पूरी रात आवागमन करते है।



# दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों ने जमकर मचाया उत्पात, एक दूसरे पर बरसाए डंडे

**अंबिकापुर।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। आलम यह है कि शहर के बीच चौक पर लोग लाठी डंडा लेकर उत्पात मचा रहे है और इसकी सूचना पुलिस को नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही कुछ मामला बुधवार को शहर के बीच देखने को मिला। कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच ठेला गुमटी लगाने को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। इस दौरान आम लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज किया गया है।

बता दें कि शहर के जिला कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच बड़ी संख्या में ठेला गुमटी का संचालन किया जाता है। लोग ठेला गुमटी के साथ ही जमीन पर बैठकर फल सब्जी व अन्य सामान बेचते है। हालांकि यह नो वेंडिंग जोन है जहां इस तरह से दुकान लगना मना है इसके बाद भी बाहर से आए लोग ठेला गुमटी लगा रहे है लेकिन अब इस क्षेत्र में दुकान लगाने वालों की संख्या बढती जा रही है और आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। ट्रैफिक सिग्नल के ठीक बगल में इस तरह से दुकान लगाने से पहले ही दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है और अब दुकान लगाने को लेकर लोग गुंडागर्दी पर उतर आए है। बुधवार को भी फल दुकान लगाने को लेकर दो गुटों में जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे बरसाए गए। लोगों ने एक दूसरे को दौड़ा दौडाकर पीटा। इस दौरान क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया।



इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना फल दुकान लगाने को लेकर विवाद हुआ। मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति



**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन एवं प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के दिशा-निर्देश पर जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले ने जिला एमसीबी अंतर्गत सात मोर्चों के प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की घोषणा की है। जारी आदेश के अनुसार युवा मोर्चा का प्रभारी आशीष सिंह तथा सह-प्रभारी अरविंद अग्रवाल को बनाया गया है। महिला मोर्चा की जिम्मेदारी गौरी बाई को सौंपी गई है, जबकि सह-प्रभारी के रूप में सोनमती उर्रे नियुक्त हुई हैं। इसी प्रकार किसान मोर्चा का प्रभारी रामलाल साहू तथा सह-प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल नागपुर को बनाया गया है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा में सरोज यादव को प्रभारी और रामनरेश राय को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा संगठन ने एसटी मोर्चा की जिम्मेदारी फलेन्द्र कुमार चेरवा को दी है, वहीं सह-प्रभारी के रूप में सुदर सिंह नागपुर को नियुक्त किया गया है। एससी मोर्चा के प्रभारी अशोक कलशा तथा सह-प्रभारी अनीता देवी बनाई गई हैं। इसके अलावा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी समाउद्दीन सिद्दीकी तथा सह-प्रभारी मुनमुन जैन को नियुक्त किया गया है।

### अनूपपुर में अवैध खनन के खिलाफ जल सत्याग्रह

**अनूपपुर।** जिले में रेत के अवैध कारोबार ने अब भयावह रूप ले लिया है, जहां खनिज विभाग और प्रशासन की कथित मिलीभगत से नदियों का अस्तित्व खतरे में है। कदमसारा खदान की अनुमति पर चंगेरी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन और ई-टीपी पोर्टल में हेराफेरी ने स्थानीय जनता का धैर्य समाप्त कर दिया है। स्थानीय युवा कल से जल सत्याग्रह के माध्यम से नदियों के संरक्षण के लिए मैदान में उतरेंगे। यह आंदोलन न केवल माफियाओं के खिलाफ है, बल्कि उन अधिकारियों के खिलाफ भी है, जिन्होंने अपनी मिलीभगत से एनजीटी के नियमों को नजर अंदाज किया।

### अवैध अंग्रेजी शराब के साथ युवक पकड़ा गया

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम जामपारा निवासी एक युवक को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 21 नग अंग्रेजी शराब की शीशियां बरामद की गई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम जामपारा निवासी महेन्द्र राजवाड़े अपने पुराने घर से नए रोड किनारे स्थित घर की ओर बिक्री के लिए अंग्रेजी शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया। युवक भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

### जमीन संबंधी शिकायतों पर प्रशासन सख्त

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव क्षेत्र में जमीन संबंधी शिकायतों के संबंध में जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर रोहित व्यास ने जमीन की अनियमितता के संबंध में समाचार पत्र में उल्लेखित तथ्यों की विस्तृत जांच के लिए जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार जांच समिति में डिप्टी कलेक्टर श्री प्रशांत कुमार कुशवाहा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में तहसीलदार पत्थलगांव जयश्री राजनपथे, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख प्रभारी नायब तहसीलदार कुनकुरी विष्णु गुप्ता तथा राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख जशपुर विनीत कुमार तिग्गा को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री व्यास ने समिति को निर्देशित किया है कि समाचार में उल्लेखित सभी तथ्यों एवं शिकायतों की बिंदुवार जांच करते हुए विस्तृत जांच प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाए। जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों, नामांतरण प्रक्रियाओं तथा भूमि अभिलेखों की गहन समीक्षा की जाएगी, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

---

जम्मू-कश्मीर से रिश्तेदारों के यहां आया था युवक, नहाने के दौरान हुआ हादसा

# हसदेव नदी चेक डैम में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के झगराखाण्ड थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदूडांड स्थित हसदेव नदी चेक डैम में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मोहम्मद शरीफ उम्र 37 वष निवासी उधमपुर, जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि वह अपने रिश्तेदारों के यहां मेहमान बनकर मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र आया हुआ था। बुधवार को वह कुछ लोगों के साथ तेंदूडांड स्थित हसदेव नदी चेक डैम घूमने और नहाने पहुंचा था। इसी दौरान नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को डूबता देख वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की जानकारी तत्काल झगराखाण्ड पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मृतक के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मोहम्मद शरीफ कुछ दिनों के लिए अपने रिश्तेदारों से मिलने यहां आया हुआ था। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह यात्रा उसके लिए आखिरी साबित होगी। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।



मौके पर जांच के लिए पहुंची पुलिस।



हसदेव नदी जहां हुआ हादसा।

प्रारंभिक जांच में यह हादसा नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण होना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हसदेव नदी चेक डैम में कई स्थानों पर पानी काफी गहरा है, लेकिन वहां सुरक्षा संबंधी कोई विशेष इंतजाम नहीं हैं। गर्मी के दिनों में काफी संख्या में लोग यहां नहाने और घूमने पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी बोर्ड लगाए जाने की मांग भी उठने लगी है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है तथा मृतक के परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है।

---

# जल आपूर्ति की व्यवस्था में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने नगर क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का व्यापक निरीक्षण कर विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं एवं जनसुविधाओं की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप पेयजल व्यवस्था, यातायात सुधार, शहरी अधोसंरचना एवं भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने नगर विकास की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

निरीक्षण की शुरूआत शहर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से हुई, जहां कलेक्टर ने पेयजल शोधन प्रक्रिया, वितरण व्यवस्था एवं गुणवत्ता नियंत्रण की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जलापूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके पश्चात कलेक्टर ने नगर की बढ़ती यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भूपेन्द्र क्लब एवं एसडब्ल्यूसी गोदाम की भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर में यातायात दबाव को कम करने, पार्किंग, सड़क विस्तार एवं सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए नागरिक सुविधा केनद्रित प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने एसआरएलएम सेंटर पहुंचकर वहां संचालित गतिविधियों, योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र के माध्यम से संचालित आजीविका संवर्धन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया, ताकि स्थानीय हितग्राहियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। नगर क्षेत्र में भविष्य की स्वच्छता एवं पर्यावरणीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने प्रस्तावित एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुनियोजित शहरी विकास के लिए आधुनिक सीवेज प्रबंधन व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



विकास कार्यों का निरीक्षण करती कलेक्टर।

---

# शिवपुर चरचा में सुशासन तिहार, मिले 200 आवेदन

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को नगर पालिका शिवपुर-चरचा में सुशासन त्योहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित इस शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैकुंठपुर सुरेशा चौबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में उमेश कुमार पटेल, अरूण जायसवाल, राजेश सिंह, रामकली पाल, कुंडल सायं, डॉ. महेश मिश्रा, वशिष्ठ कुमार ओझा, आलोक चक्रधारी और अनिल सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 14 स्टॉल लगे, जिनमें आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, यातायात पुलिस, खनिज, वाणिज्य एवं उद्योग, कृषि, श्रम, छग राज्य विद्युत, पशुधन विकास, आधार पंजीयन एवं ई-केवाईसी, महिला एवं बाल संरक्षण तथा आदिवासी विकास विभाग शामिल रहे। इन स्टॉलों पर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर आवेदन एवं समस्याओं का निराकरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया, इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं के तहत जरूरतमंद हितग्राहियों को 5 लाख रूपए तक की उपचार सुविधा वाले आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। नगर पालिका क्षेत्र के सभी 15 वार्डों से आए नागरिकों ने इस शिविर में कुल 200 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें 176 मांग पत्र और 24 शिकायत पत्र शामिल रहे। आवेदन मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, सफाई व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित थे। कई मामलों में मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया।



---

# एमएससी की छात्राओं को समारोह में दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में मंगलवार को एमएससी वनस्पतिशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना निलिमा कच्छप उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

प्राचार्य डॉ. कच्छप ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमित कुमार डे ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सफलता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की बात कही। इस अवसर पर भारत सिंह, डॉ. पवन उपाध्याय, विनय कुमार गुप्ता, बिक्की राम, मो. अमजद, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव, सुश्री रिचा चेलकर, सुश्री दीप्ति केरकेट्टा, श्रीमती सविता पैकरा एवं सुश्री मेघा डाहिरे ने छात्राओं को आशीर्वचन एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमएससी बॉटनी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं बृज कुमारी, अंजू गरूण, खुशबू गुप्ता, तृप्ति राजवाड़े, अदिति सिंह, साक्षी गुप्ता एवं संध्या यादव सहित समस्त छात्राओं का विशेष योगदान रहा। अंत में आभार प्रदर्शन वनस्पतिशास्त्र विभाग के स्काय सदस्य विनय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।



---

## बंद पड़े विद्यालय में चोरी, ताला तोड़कर फर्नीचर और लोहे के बेड पार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत में संचालित वनस्थली विद्यानिकेतन विद्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर सोनहत पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालक बाल्मीक प्रसाद दुबे द्वारा शासन से अनुमति प्राप्त कर वर्ष 2025 तक वनस्थली विद्यानिकेतन विद्यालय का संचालन किया जाता था। विद्यार्थियों की कमी के कारण विद्यालय को बाद में बंद कर दिया गया था। विद्यालय बंद होने के बाद वहां उपयोग में आने वाले फर्नीचर एवं विद्यार्थियों के लिए रखे गए लोहे के डबल बेड को कमरों में ताला बंद कर सुरक्षित रखा गया था। संचालक बाल्मीक दुबे ने बताया कि उनका निवास विद्यालय से लगभग 200 मीटर दूरी पर है और वे समय-समय पर विद्यालय की निगरानी करते रहते थे। लगभग एक माह बाद जब वे विद्यालय पहुंचे तो देखा कि कमरों के ताले टूटे हुए हैं और अंदर रखा सामान गायब है।

## स्वास्थ्य कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**बैकुंठपुर।** जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात सूमो गोल्ड वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आंजोखुर्द निवासी एवं जिला पंचायत सदस्य राजेश कुमार साहू को 12 मई को बसंत राजवाड़े निवासी डुमरिया द्वारा फोन पर सूचना दी गई कि दिनेश कुमार साहू, जो स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थे, सुबह करीब 8:30 बजे ड्यूटी के दौरान भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान ग्राम डुमरिया में फैशन टेलर के घर के सामने एक अज्ञात सूमो गोल्ड वाहन चालक ने तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोट लगने से दिनेश कुमार साहू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य राजेश कुमार साहू घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 184 एवं भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

---

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दंपती घायल

**बैकुण्ठपुर।** जिले के चरचा थाना अंतर्गत जमनीपारा में तेज एवं लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाने से हुए सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद मुस्ताक आलम निवासी जमनीपारा चरचा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बीते 11 मई को वह अपनी पत्नी शाहिन परवीन के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीएन 2747 से सुभाष नगर चरचा से अपने घर जमनीपारा लौट रहे थे। जमनीपारा में दीपक कुमार की दुकान के पास आवश्यक सामान खरीदने के लिए दोनों रूके थे। सामान खरीदने के बाद जैसे ही वे अपनी मोटरसाइकिल में बैठकर निकलने वाले थे, तभी सामने की ओर से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीजे 9323 का चालक सूरज कुमार, निवासी बीटीसी कॉलोनी चरचा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए आया और उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में मोहम्मद मुस्ताक आलम के दाहिने हाथ की कलाई एवं बाएं पैर के घुटने में चोट आई है, वहीं उनकी पत्नी शाहिन परवीन के बाएं घुटने में चोट लगी है। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

---

# रस्सी से बांधकर युवक की पिटाई का मामला: इलाके में तनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बागबहार थाना क्षेत्र के झारपारा गांव में एक व्यक्ति को रस्सी से बांधकर बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आने के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों में भारी आक्रोश और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

- पीड़ित पक्ष ने पुलिस से की कड़ी कार्रवाई की मांग

पीड़ित पक्ष ने गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित जोगेंद्र बढ़ई की पत्नी उषा बाई ने बताया कि गांव के रहने वाले नवीन बंजारा सहित उसके परिवार के कई लोगों ने मिलकर उनके पति को पकड़ लिया और रस्सी से हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से उनके पति की बेरहमी से पिटाई की।



---

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरमी सड़कपारा में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का उपचार सूरजपुर के निजी अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप कुमार जायसवाल के पिता श्रवण कुमार जायसवाल रात्रि में अपने घर के पास चिरमी सड़कपारा में टहल रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक मोटरसाइकिल चलाते हुए एक चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद श्रवण कुमार जायसवाल सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। घटना की सूचना मिलने पर उनके पुत्र संजय जायसवाल मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में उन्हें तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल बैकुंठपुर लेकर गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अंबिकापुर रेफर कर दिया। अंबिकापुर में न्यूरोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजन द्वारा उन्हें सूरजपुर स्थित साधुराम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। परिजन के अनुसार हादसे में श्रवण कुमार जायसवाल के सिर में गंभीर चोट आई है, वहीं पीठ, सीने की हड्डियों एवं पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। मामले में पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट 1988 तथा भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

---

अनियमितताओं के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# एकलव्य आईसेक्ट के खिलाफ छात्र नेताओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप बैकुंठपुर-कोरिया इकाई ने एकलव्य आईसेक्ट सेंटर भट्ठीपारा में विद्यार्थियों के साथ आर्थिक शोषण एवं शैक्षणिक अनियमितताओं के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि 2 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन चक्काजाम किया जाएगा।

अभाविप ने आरोप लगाया कि संबंधित एकलव्य आईसेक्ट प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा एवं प्रशिक्षण के नाम पर हजारों रूपए वसूले गए, लेकिन अब तक न तो परीक्षाएं आयोजित कराई गईं और न ही विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, इससे विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में बताया गया कि सत्र 2024-25 के लगभग 52 विद्यार्थियों से प्रति विद्यार्थी करीब 20 हजार रूपए की राशि ली गई थी। वहीं सत्र 2025-26 के लगभग 16 विद्यार्थियों से 10 से 15 हजार रुपए तक वसूले गए। विद्यार्थियों का कहना है कि फीस जमा कराने के बावजूद उन्हें परीक्षा एवं प्रमाण पत्र से वंचित रखा गया है। विद्यार्थी परिषद ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी एकलव्य आईसेक्ट प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा विद्यार्थियों से ली गई राशि वापस कराने की मांग की है।



विरोध प्रदर्शन करते छात्र नेता

परिषद ने कहा कि शिक्षा के नाम पर इस प्रकार का शोषण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला संयोजक बलबीर पुसाम, नीरज, आरुषि, आकांक्षा, विजय, मुकेश यादव, आयुष, आशीष, सुशील, हृदय, सतेन्द्र सहित काफी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को न्याय दिलाने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की मांग उठाई। वहीं पूरे मामले में जिला प्रशासन कोरिया ने मामले में जांच कर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सभी का पैसा लौटा दूंगा

मेरा बयान थाने में हुआ है। जो विद्यार्थी परीक्षा देना चाहते हैं वो दे सकते हैं, बाकी विद्यार्थियों का पैसा लौटा दूंगा।

-चन्द्रप्रकाश राजवाड़े
संचालक एकलव्य आईसेक्ट

---

# कोयला चोरी कर भाग रहे कार सवार फरार वाहन समेत 6 क्विंटल कोयला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने कोयला चोरी कर भाग रहे एक वेगेनआर कार को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। हालांकि मौके का फायदा उठाकर दोनों आरोपी फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमद रजा अंसारी, क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी एवं तिलकधारी, वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्रीय मुख्यालय, ड्राइवर सूरज यादव के साथ रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान सुबह करीब 6:30 बजे चरचा डी-पॉइंट क्षेत्र से एक वेगेनआर कार क्रमांक सीजी 10 एफ 4927 में कोयला चोरी कर भागते हुए दिखाई दी। सुरक्षा कर्मियों ने पीछा कर आनी नहर के पास वाहन को पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम शिवम तथा उसके सहयोगी ने राजेश बताया। दोनों को वाहन सहित चरचा थाना लाया जा रहा था, तभी दोनों आरोपी सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गए। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 6 बोरी कोयला मिला, जिसका वजन लगभग 6 क्विंटल एवं कीमत करीब 2500 रूपए ऑकी गई। वहीं जब्त वेगेनआर कार की कीमत लगभग 1 लाख रूपए बताई गई है। सुरक्षा कर्मियों ने वाहन एवं जब्त कोयला चरचा थाना में सुपुर्द कर दिया है। जिले की चरचा थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### तेंदू पत्ता संग्रहणकर्ता महिलाओं का पांव पखार कर किया गया सम्मानित

**राजपुर।** वनोपज संग्रहन कार्य के तहत तेंदूपत्ता सीजन की शुरुआत 11 मई से क्षेत्र के विभिन्न फड़ों में पूजा-अर्चना एवं संग्रहकों के सम्मान के साथ की गई। इसी क्रम में ओकरा फड़ में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संग्रहणकर्ता महिलाओं के सम्मान में पांव पखार कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक सुरेश सोनी, जिला यूनियन अध्यक्ष लालसाय मिंज एवं फड़ मुंशी सहित अन्य कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर तेंदूपत्ता खरीदी कार्य प्रारंभ कराया। इस दौरान नारी शक्ति के सम्मान की परंपरा निभाते हुए संग्रहक महिलाओं का स्वागत एवं पांव पूजा की गई। प्रबंधक सुरेश सोनी ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण परिवार इस सीजन को उत्सव की तरह मनाते हैं और पूरे उत्साह के साथ संग्रहण कार्य में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता से मिलने वाली आय ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहारा बनती है। लालसाय मिंज ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण तेंदूपत्ता कार्य से इतने जुड़े हुए हैं कि कई बार शादी-विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रम भी तेंदूपत्ता सीजन समाप्त होने के बाद ही आयोजित करते हैं। उन्होंने संग्रहकों से कहा कि अच्छी गुणवत्ता वाले पत्ते ही फड़ों में जमा करें तथा प्रत्येक संग्रहक कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता बेचने का प्रयास करें।

### पूनम दुबे की पुस्तकों का हुआ विमोचन



**अम्बिकापुर।** मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन द्वारा स्थानीय भारतेन्दु भवन में पुस्तक-विमोचन का आयोजन किया गया। कवयित्री पूनम दुबे वीणा की दो पुस्तक मलय-रागिनी और सरगुजा कर छइयां-भुइयां का विमोचन किया गया। यह किताब हिन्दी व सरगुजिहा भाषाओं में लिखी गई हैं। समारोह के अध्यक्ष साहित्यकार बबन पांडेय ने कहा कि गीतात्मक शैली में लिखी गईं ये किताब अपने कथ्य और शिल्प दोनों स्तरों पर सफल हैं। इनमें देश, समाज, परिवार, परिवेश और प्रकृति के साथ माननीय भावनाओं, संवेदनाओं और सरोकारों की अभिव्यक्ति सरल-सुबोध भाषा-शैली में बड़े ही सुंदर व प्रभावी ढंग से की गई है। पुस्तकें पठनीय और संग्रहणीय हैं। मुख्य अतिथि राजभाषा आयोग के सरगुजा जिला समन्वयक राजेश तिवारी का कहना था कि पूनम दुबे की कविताओं में देश की संस्कृति, मानवीय रिश्तों के ताने-बाने के साथ प्रेम, श्रृंगार, राष्ट्रभक्ति, गुरुमहिमा, ईश-आराधना, मानवीय व्यवहार, ऋतु वर्णन, तीज-त्यौहारों तथा समाज की विभिन्न समस्याओं का जीवंत चित्रण किया गया है। कार्यक्रम को साहित्यकार सुरेश जायसवाल, बीडी लाल, डॉ. उमेश पांडेय और विनोद हर्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ. सपन सिन्हा, श्यामबिहारी पांडेय, मुकुन्दलाल साहू, अजय सागर, जय गुप्त, सच्चिदानंद पांडेय, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चन्द्रभूषण मिश्र, आशा पांडेय, माधुरी जायसवाल, कृष्णकांत पाठक, राजेश पांडेय, प्रकाश कश्यप, गीता दुबे, रामलाल विश्वकर्मा, रंजीत सारथी, सीमा तिवारी, अंजू पांडेय, गीता द्विवेदी, केके त्रिपाठी, शिरीन खान, अंजली चौबे व अन्य उपस्थित रहे।

## गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए कर देते है रेफर

# रामानुजगंज 100 बिस्तरीय अस्पताल में नहीं विशेषज्ञ डॉक्टर और ऑपरेशन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- 92 साल पुराना अस्पताल, लेकिन सुविधाएं आज भी अधूरी

क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1934 में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज आज भी मूलभूत व्यवस्था के लिए संघर्ष कर रहा है। लगभग 92 वर्षों का लंबा सफर तय करने के बावजूद अस्पताल आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से कोसों दूर दिखाई दे रहा है। तीन वर्ष पूर्व बड़े उत्साह और उम्मीदों के साथ यहां 100 बिस्तर अस्पताल का दर्जा तत्कालिक सरकार द्वारा दिया गया, लेकिन अस्पताल आज तक 100 बिस्तर के मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो सका है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अस्पताल को 100 बिस्तर का दर्जा तो दिया गया, लेकिन उसके अनुरूप न तो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हुई और न ही आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई। हालत यह है कि अस्पताल में आज भी मरीजों को केवल सामान्य सर्दी, खांसी और बुखार का ही इलाज मिल पा रहा है। गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर, रायपुर अथवा अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। 100 बिस्तर अस्पताल बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी। लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत है। अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा एनेस्थेटिस्ट जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली पड़े हुए हैं। ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। गरीब और ग्रामीण परिवारों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। कई बार मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिलने से गंभीर परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ता है।



100 बिस्तरीय अस्पताल।

### 92 वर्षों बाद भी शुरू नहीं हो सकी ऑपरेशन सुविधा

रामानुजगंज अस्पताल की स्थापना के 92 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां नियमित रूप से ऑपरेशन की सुविधा शुरू नहीं हो सकी है। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर तो बनाया गया है, लेकिन विशेषज्ञ सर्जन, एनेस्थेटिस्ट और तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण ऑपरेशन कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। यहां तक कि प्रसव के जटिल मामलों से लेकर दुर्घटना में घायल मरीजों तक को रेफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में ऑपरेशन सुविधा शुरू हो जाए तो हजारों लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

### मरीजों को झेलनी पड़ रही परेशानियां

अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण रोजाना मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार डॉक्टरों की अनुपस्थिति में मरीज घंटों इलाज के इंतजार में बैठे रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों का कहना है कि 100 बिस्तर अस्पताल बनने के बाद उन्हें लगा था कि अब बड़े शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, लेकिन आज भी छोटी से छोटी गंभीर बीमारी के लिए बाहर जाना मजबूरी बनी हुई है।

### 100 बिस्तर का दर्जा मिला लेकिन सुविधा नहीं

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर अस्पताल भवन तो बना दिया गया, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उसका पूरा लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। क्षेत्रवासियों की मांग है कि रामानुजगंज 100 बिस्तर अस्पताल को केवल नाम का अस्पताल न बनाकर वास्तव में सुविधायुक्त अस्पताल बनाया जाए, ताकि लोगों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर और समय पर इलाज मिल सके।

### स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों ने अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है। लोगों ने अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, ऑपरेशन सुविधा शुरू करने, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आधुनिक जांच मशीनें उपलब्ध कराने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि रामानुजगंज क्षेत्र आदिवासी और ग्रामीण बहुल इलाका है, जहां बड़ी संख्या में गरीब परिवार निवास करते हैं। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



## सर्व ब्राम्हण समाज ने विधायक से की मुलाकात, भेंट किया विप्र दर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में बनने वाले भगवान परशुराम मंदिर समेत अन्य विषयों पर चर्चा करने सर्व ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक रामकुमार टोप्पो से मुलाकात की। इस दौरान सर्व ब्राम्हण समाज ने गमछा पहनकर विधायक का अभिनंदन किया। इसके बाद ब्रजेश ओझा के प्रयासों से प्रकाशित की गई सर्व ब्राम्हण समाज की पत्रिका विप्र दर्पण भेंट की गई।

इस दौरान सर्व ब्राम्हण समाज ने आदर्शनगर में बनने वाले भगवान परशुराम मंदिर समेत अन्य सम सामयिक विषयों पर विधायक से चर्चा की और उनका पक्ष जाना। चर्चा के दौरान विधायक ने विप्र दर्पण के लिए सर्व ब्राम्हण समाज विशेषकर ब्रजेश ओझा को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पत्रिका के माध्यम से हम सभी को समाज एवं क्षेत्र के बारे में भरपूर जानकारी प्राप्त होती है। सामाजिक पत्रिका के माध्यम से हम यह जान पाते है कि इस समाज के लोगों ने सर्व समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान किस रूप में दिया है। इसके अलावा हमे क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति संरचना संस्कृति एवं धरोहर के बारे में पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है। इससे हम अपने बुजुर्गों से अपनी सभ्यता से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। सर्व ब्राम्हण समाज से चर्चा के दौरान उन्होंने परशुराम मंदिर निर्माण पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मैं इस अभियान का हिस्सा बन पाऊंगा ये मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष के पी त्रिपाठी, सचिव उदयनारायण ओझा, नागेश्वर तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, उमेश मिश्रा, सुशील मिश्रा, ब्रजेश ओझा, हेमनाथ शुक्ला, पुरुषोत्तम पुरोहित, अनिल उपाध्याय, छोटू चौबे, धर्मपाल पांडेय आदि उपस्थित थे।

### करंजवार जंगल में लगी आग हवा के साथ फैल रही आग

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से लगे करंजवार जंगल में लगी आग से हरे भरे बहुमूल्य पौधे जलकर राख हो रहे। साथ ही वन्यजीव की आशियाने पर भी असर पड़ा है। आग से वन विभाग की लापरवाही को पोल खुल गया है। आग तेजी से जंगल की ओर फैल रहा है। प्रतापपुर अंबिकापुर सड़क किनारे नगर पंचायत क्षेत्र के लगे हुए ग्राम करंजवार जंगल में अज्ञात कारण से सड़क किनारे भीषण आग लग है जो तेज धुआं और हवा के वजह से तेजी से आग जंगल की ओर फैलने लगा है। आग लगने से छोटे-छोटे पौधे जलकर राख हो गए है। इस विषय में एसडीओ वन विभाग संस्कृति बारले ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम रवाना हो चुके हैं। उम्मीद है कि देर रात तक आग पर काबू कर लिया जाएगा।



### पोड़ी में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल शुरू, पुलिस लाइन पर्री ने मारी बाजी



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत पोड़ी में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मुकाबला शुरू हुआ। प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल मैच पर्री इलेवन और कुंज नगर की टीम के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पर्री इलेवन पुलिस टीम ने निर्धारित 8 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 67 रन का लक्ष्य दिया। टीम के बल्लेबाजों ने तेज शुरुआत करते हुए विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुंज नगर की टीम शुरुआत से ही संघर्ष करती नजर आई। पर्री इलेवन के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट हासिल किए और कुंज नगर की पूरी टीम 58 रन पर ऑल आउट हो गई। इस जीत के साथ पुलिस लाइन पर्री की टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

## नीट पेपर लीक प्रशासनिक चूक नहीं, लाखों परिवारों के आशाओं की हत्या : आदित्येश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के बार-बार निरस्त होने पर केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने इसे देश के करोड़ों युवाओं के साथ संगठित विश्वासघात करार देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरगुजा जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के छात्र बड़ी मुश्किल से कोचिंग और किताबों का खर्च उठाते हैं। 2024 की गलतियों को दोहराना यह साबित करता है कि प्रशासनिक तंत्र में सुधार की कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखती है। यह केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की आशाओं की हत्या है। हम मांग करते हैं कि एनटीए के पूरे सिस्टम में पूर्ण सुधार किया जाए और इस बार जवाबदेही केवल कागजों तक सीमित न रहे।



आदित्येश्वर ने एनटीए की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा यह अत्यंत शर्मनाक है कि 2024 के बड़े विवाद और पेपर लीक के बावजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अपने ढांचे में कोई सुधार नहीं किया। जिस संस्था के पास 25 राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं आयोजित करने के लिए मात्र 25 स्थायी सदस्य हों और जो पूरी तरह निजी आउटसोर्सिंग के भरोसे चल रही हो, उससे पारदर्शिता की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल विज्ञापनों में चलती है, हकीकत में यह युवाओं के सपनों को कुचलने वाला इंजन बन चुकी है। 2024 की गलतियों से सबक न लेना यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार के पास न तो कोई विजन है और न ही युवाओं के प्रति कोई संवेदना। केवल जांच का ढोंग करने से काम नहीं चलेगा; जब तक शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेकर अपना पद नहीं छोड़ते, तब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा। आदित्येश्वर ने इस पूरे प्रकरण की समयबद्ध न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों के छात्रों का भविष्य इस 'भ्रष्ट सिस्टम' की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा।



### अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर हुआ मातृ सम्मान कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** खट्टी मीठी किटी ग्रुप द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत घघरी में मातृ सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महापौर मंजूषा भगत एवं गोल्डन सिंह के आर्थिक सहयोग में सहभागिता रहा। कार्यक्रम के दौरान 40 माताओं और बच्चों के सम्मान में उन्हें साड़ी, मिठाई एवं बिस्किट वितरित किया गया। समाज कल्याण और महिला सशक्तिकरण के प्रति सदैव सक्रिय और समर्पित खट्टी मीठी किटी समूह मातृ शक्ति, सम्मान एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण माताएं एवं बच्चे सहित लगभग 80 से 90 लोगों की उपस्थिति में सफल कार्यक्रम के रूप में सभी उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस दौरान अंजू सरकार, सुधा मंडल, शर्मिला बैरागी, अंजू गोलदार, सुमनदास गुप्ता, सुभद्रा हालदार, कीर्ति एवं चंदा उपस्थित थीं।

## अटल परिसर की व्यवस्था चरमराई, शाम ढलते ही घुप अंधेरे में डूब जाता हैं परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में वार्ड क्रमांक 10 में बनाया गया अटल परिसर अव्यवस्था का शिकार हो गया। देखरेख एवं साफ सफाई के अभाव में अटल परिसर के चारो तरफ गंदगी बिखरा पड़ा है। आलम यह है कि शाम ढलते ही अटल परिसर पूरी तरह घुप अंधेरे में डूब जाता है। अटल परिसर की ऐसी दुर्दशा से नगरवासी खासे नाराज है।उन्होंने इस दुर्दशा के लिए नगर पंचायत को जिम्मेदार ठहराते हुए अटल परिसर की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

विदित हो कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के स्मृतियों को सहेजने नगर पंचायत द्वारा वार्ड कमांक 10 में अटल परिसर का निर्माण कराया गया है। इस निर्माण का मुख्य उद्देश्य नगर में सुशासन और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने उनके आदर्श एवं राष्ट्रवादी विचारों से युवा पीढ़ी को अवगत कराने समेत अटल परिसर को सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनाना था। इसके अलावा परिसर के आसपास पार्क का विकास एवं नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना था। इसी सकारात्मक सोच के साथ अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर अटल परिसर का लोकार्पण किया गया था। लोकार्पण के बाद काफी दिनों तक यहां सब कुछ ठीकठाक था। रात होते ही दूधिया रोशनी से अटल परिसर जगमगा उठता था लेकिन जैसे जैसे दिन बितता गया अटल परिसर में अव्यवस्था हावी हो गई। देखरेख एवं साफ सफाई के अभाव में अटल परिसर के चारो तरफ गंदगी फैल गई। परिसर शाम ढलते ही घुप अंधेरे में समा जाता है। आज कई दिन हो गए अटल परिसर का ये हाल हुए पर अभी तक किसी की नजर इस ओर नही गया और न ही किसी ने इसकी सुध ली जबकि नगर पंचायत में अध्यक्ष समेत पंद्रह पार्षदों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों की भारी भरकम फौज है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बने अटल परिसर के प्रति जिम्मेदार नगर पंचायत का उदासीन रवैया देख नगरवासियों में काफी आक्रोश है। नगरवासियों का कहना है कि अटल परिसर की इस बदहाली के लिए नगर पंचायत जिम्मेदार है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा दिन के उजाले में तो ठीक है पर कही रात के अंधेरे में किसी ने अटल जी की प्रतिमा से छेड़छाड़ कर दी या किसी तरह का नुकसान पहुंचा दिया तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। नगर के लोगो ने बदहाल अटल परिसर की व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है ताकि अटल परिसर का उद्देश्य पूरा हो सके।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर ने तत्काल मरम्मत की बात कही है। उन्होंनें कहा कि इसमे जिसकी भी लापरवाही सामने आयेगी उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

**कार्यालय विशेष विवाह अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
वि.प्र.क. / विशेष विवाह / 2025-26

**फार्म-''अ''**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण की जानकारी के लिये यह सार्वजनिक सूचना जारी किया जाता है आवेदक अनमोल आ. केश्वर, उम्र 28 वर्ष, जाति उरांव, पेशा मजूदरी निवास वार्ड नम्बर 13, पोस्ट तिरयाडीह, थाना- तहसील रामानुजगंज, जिला बलरामपुर छ.ग. एवं आवेदिका प्रीती आ. हीरालाल, आयु 21 वर्ष, जाति उरांव, निवासी ग्राम कच्छारडीह, पोस्ट बिलासपुर, थाना बतौली तहसील बतौली, जिला सरगुजा छ.ग., के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत आयशित विवाह/विवाह पंजीयन की सूचना संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित अभिप्रेत विवाह पंजीयन की सूचना के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई व्यक्ति इस न्यायालय में दिनांक 04/06/2026 को दिन के 11:00 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**विशेष विवाह अधिकारी**
**सरगुजा, अम्बिकापुर**

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
डॉ भाविक शाह
डॉ संजय अग्रवाल
डॉ अमित मुखर्जी
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक-28 जून 2026, दिन-गुरुवार
विद्या डायग्नोस्टिक

डॉ. दीपा सिंह
M.B.B.S, DNB,
(Neuro Surgeon & Spine Surgeon)
पूर्व अपोलो अस्पताल, चेन्नई
न्यूरों (नसों) से संबंधित सभी बीमारियों के लिए
दिनाँक - 16 मई, 2026
दिन - शनिवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया इलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
ANU SHARMA
9109920477

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज

## खबर संक्षेप




### जयनगर में पहली कक्षा में प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया से 19 सीटों पर विधार्थियों का हुआ चयन

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजस जयनगर में नए शैक्षणिक सत्र हेतु कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से 9 मई तक संचालित की गई थी जिसमें 93 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 84 आवेदन पात्र सूची में शामिल किए गए तथा 9 आवेदन अपात्र घोषित किए गए,पात्र एवं अपात्र सूची 12 मई को जारी की गई थी, विद्यालय में नए सत्र हेतु कुल 19 सीटों पर प्रवेश लिया जाना था। इनमें से 5 सीटें मुख्यमंत्री महतारी दुलारी योजना अंतर्गत आरक्षित थीं, जबकि शेष 14 सीटों के लिए लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की गई। इन सीटों पर एपीएल एवं बीपीएल श्रेणी अंतर्गत बालक एवं बालिकाओं का चयन किया गया। साथ ही 5 विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। यह संपूर्ण प्रक्रिया तहसीलदार सुश्री प्रियंका रवि,सभी एसएमडीसी सदस्य, प्राथमिक शिक्षा बेदरी स्कूल लिली नंदी तथा जयनगर सरपंच श्रीमती राधा बाई की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

### पीएम श्री सेजेस प्रेमनगर में लॉटरी के माध्यम से हुआ प्रवेश चयन

**प्रेमनगर।** पीएम श्री सेजेस प्रेमनगर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु विद्यार्थियों के प्रवेश चयन के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार माधुरी अंचला रहीं। उनके द्वारा लॉटरी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमनगर सतीश साहू,एसएमडीसी अध्यक्ष सत्यम विश्वकर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया जगते उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पिछले तीन दिनों से शिवनन्दनपुर क्षेत्र से नहीं हुआ कचरे का उठाव, वार्डवासियों की बढ़ी परेशानी

# कुम्दा रेलवे फाटक स्थाई रूप से बंद होने के बाद शिवनन्दनपुर कचरा संग्रहण व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय के पास स्थित कुम्दा रेलवे फाटक को स्थाई रूप से बंद किए जाने के बाद शिवनंदनपुर नगर पंचायत क्षेत्र में कचरा संग्रहण की व्यवस्था ठप्प पड़ चुकी है। पिछले तीन दिनों से नियमित कचरा कलेक्शन का कार्य पूर्ण रूप से बंद हो जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार कुम्दा रेलवे फाटक को गत 10 मई से स्थायी रूप से बंद कर आमजन एवं वाहनों की आवाजाही के लिए नव निर्मित ओवरब्रिज पर आवागमन खोल दिया गया है,वहीं रेलवे फाटक के दूसरी छोर स्थित नर्सरी क्षेत्र में नगर पंचायत द्वारा कचरा डंप किया जाता रहा है, अब फाटक बंद होने के बाद से स्वच्छता कर्मियों को रिक्शा के माध्यम से ओवरब्रिज की ऊंचाई चढ़कर दूसरी तरफ जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और ये हाथगाड़ी रिक्शा से संभव हो नहीं पा रहा,

बताया जा रहा है कि समस्या बढ़ने के बाद स्वच्छता कर्मियों के महिला समूह ने कचरा संग्रहण का कार्य अभी पूर्ण रूप से बंद कर दिया है,फाटक स्थाई रूप से बंद होने के पहले दिन संग्रहित कचरे को रेलवे पार नहीं ले जा पाने के कारण कुछ स्वच्छता कर्मियों ने एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने ही कचरा डंप कर दिया था,जिससे वहां तेज दुर्गंध फैल गई और कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को असुविधा हुई,बाद में एसईसीएल प्रबंधन की आपत्ति के बाद नगर पंचायत ने ट्रैक्टर लगाकर कचरा हटवाया।इधर, नगर पंचायत क्षेत्र में कचरा संग्रहण बंद होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।कचरा संग्रहण व्यवस्था संचालित करने वाली महिला समूह ने बताया कि नगर पंचायत से अब तक ई- रिक्शा की सुविधा प्रदान नहीं कराई गई है जो कि काफी समय से प्रस्तावित है, तब तक के लिए कोई चार पहिया वाहन या ट्रैक्टर उपलब्ध होने पर ही संग्रहित किया कचरा का फेंकाव होना संभव है, कचरा संग्रहण का कार्य देखने वाले मजदूरों ने भी हाथगाड़ी रिक्शा से कचरा लोड कर डंपिंग जोन जाने में असमर्थता जताई है जिसके बाद से काम बंद कर दिया गया है।

**खास बात**

- नवनिर्मित ब्रिज की ऊंचाई चढ़कर डंपिंग जोन में नहीं पहुंच पा रहा कचरा लोड रिक्शा, महिला समूह कर रही ट्रेक्टर उपलब्ध कराने की मांग



सड़क किनारे बिखरा कचरा।

**नपं गठन के डेढ़ साल बाद भी नहीं विकसित हो सका एसएलआरएम सेंटर**

गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन के करीब डेढ़ वर्ष बाद भी अब तक व्यवस्थित एसएलआरएम सेंटर विकसित नहीं किया जा सका है। पूर्व में पंचायत स्तर पर बनाया गया कचरा संग्रहण केंद्र भी घटिया निर्माण और देखरेख के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो चुका है।ऐसे में स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है।क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।मामले में शिवनन्दनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा ने बताया कि स्वच्छता दीदियों को कचरा उठाव के लिए ट्रैक्टर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में कचरा संग्रहण कराकर डंपिंग जोन में कचरा डम्प कराया जायेगा।

### बतौली क्षेत्र के पेट्रोल पंप में डीजल की शॉर्टेज, भटक रहे लोग

**अम्बिकापुर।** बतौली क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप में डीजल की कमी से वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन स्वामियों को डीजल डलवाने पेट्रोल पंप के चक्कर काटना पड़ रहा है जहां डीजल ड्राई होने से वाहन चलाना दूभर हो जा रहा है ।बतौली क्षेत्र में तीन पेट्रोल पंप है जहां डीजल की कमी से लोग वाहन लेकर पेट्रोल पंप का चक्कर काट रहे है। खाड़ी देशों के युद्ध का सीधा असर अब छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रही है। जहां कभी पेट्रोल तो कभी डीजल की कमी ने वाहन स्वामियों की चिंता बढ़ा दी है। शादी विवाह, ठेकेदारों का निर्माण कार्य, शासकीय कार्यालयों में चल रहे वाहन ,खेती किसानी कर रहे ट्रैक्टर ,बड़े बड़े जेसीबी मशीन डीजल की कमी से इन पर सीधा असर पड़ रहा है। बतौली क्षेत्र के मंगारी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में स्थित पेट्रोल पंप में डीजल ड्राई हो गया है जिससे आवागमन कर रहे लोग डीजल के लिए तरसते नजर आए। बासेन स्थित पेट्रोल पंप में डीजल सीमित मात्रा में सबका ध्यान रखते हुए दिया जा रहा है जिससे लंबा सफर पर जा रहे वाहन सवार डीजल अधिक मात्रा में लेने के लिए निवेदन करते नजर आए, जबकि बतौली के पेट्रोल पंप में भी सीमित मात्रा में डीजल मिलने से लोगों को गंभीर समस्या हो रही है।

### निधन

**अशोक विश्वकर्मा**



**अम्बिकापुर।** शहर के कंपनी बाजार निवासी व्याख्याता शिक्षक अशोक कुमार विश्वकर्मा आ. स्व. अमरदयाल विश्वकर्मा का 56 वर्ष की आयु में हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र राज विश्वकर्मा, युवराज विश्वकर्मा सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार 14 मई को शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### नपं शिवनंदनपुर में बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए एक व पार्षद के छह उम्मीदवारों ने लिए नामांकन पत्र

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के निर्वाचन प्रक्रिया में आज तीसरे दिन अध्यक्ष पद हेतु एक नामांकन व पार्षद पद हेतु छह अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिए हैं।रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने उपरांत नामांकन पत्र लिए जाने की प्रक्रिया शुरू है। जिसमें आज तीसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष पद हेतु एक एवं पार्षद पद हेतु छह अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिए हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया 18 मई तक चलेगी। प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना व जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा।







